रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33002/99 REGD. No. D. L.-33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

दिल्ली राजपत्र
Delhi Gazette

सत्यमेव जयते

एस.जी.-डी.एल.-अ.-04112026-277680
SG-DL-E-04112026-277680

असाधारण
EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 330] दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 4, 2026/कार्तिक 13, 1948 [रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 275
No. 330] DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 4, 2026/KARTIKA 13, 1948 [N. C. T. D. No. 275

शहरी विकास विभाग

अधिसूचना

दिल्ली, 4 नवम्बर, 2026

ई-फाइल सं. 405945/2026/1266.—माननीय उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, एतद् द्वारा दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) अधिनियम, 2010 (2010 का दिल्ली अधिनियम 07) की धारा 10 की उपधारा (1) के अंतर्गत "दिल्ली स्लम तथा झुग्गी-झोपड़ी पुनर्स्थापन एवं पुनर्वास नीति, 2026" के संबंध में दिनांक 13.08.2026 को आयोजित दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की 37वीं बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय, जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 29.09.2026 के मंत्रिमंडल निर्णय संख्या 3387 के तहत अनुमोदित किया गया है, के अनुसार उक्त नीति को अधिसूचित करते हैं।

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) अधिनियम, 2010 के अंतर्गत इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों/नीतियों से सम्बन्धित समस्त पूर्ववर्ती अधिसूचनाओं/आदेशों के अधिक्रमण में उक्त नीति, इस अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होगी|

माननीय उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार एतद् द्वारा दिल्ली स्लम तथा झुग्गी-झोपड़ी पुन:स्थापन एवं पुनर्वास नीति, 2026 को अधिसूचित करते हैं।

दिल्ली स्लम तथा झुग्गी-झोपड़ी पुन:स्थापन एवं पुनर्वास नीति, 2026

1. प्रस्तावना

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, जो अपनी तीव्र शहरीकरण और गतिशील आर्थिक विकास के लिए जानी जाती है, अपनी शहरी गरीबों की आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रही है। झुग्गी झोपड़ी बस्तियों (जेजे बस्तियों) के रूप में प्राय: संदर्भित स्लम समूह जिसमें लगभग 675 जेजे बस्तियां हैं, का अस्तित्व एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है, इन समुदायों के जीवन स्तर में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बावजूद, पिछले पुनर्वास प्रयासों के परिणाम मामूली परिणाम मिले हैं। यह शहरी गरीबों के सामने आने वाले आवास संकट के प्रभावी समाधान में निहित जटिलताओं को उजागर करता है।

दिल्ली में स्लम बस्तियों के उभरने के अनेक कारक हैं, जिनमें किफायती आवास की कमी तथा रोजगार के अवसर की तलाश में आने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या शामिल है। इन जेजे बस्तियों के निवासी वाहन चलाना, सामान बेचना और घरेलू कार्य जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधियों में लगे हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। तथापि, इन समुदायों के रहने का स्थान तथा वातावरण प्रायः रहने योग्य नहीं होता और अस्वच्छ होता है, जिससे ये न केवल निवासियों के लिए बल्कि आसपास के पड़ोसियों के लिए भी स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए 'दिल्ली स्लम तथा जेजे पुनर्वास एवं पुन:स्थापन नीति, 2026' नामक एक नई नीति लाने की आवश्यकता को स्वीकार करती है। इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक भूमि पर स्थित स्लम के लिए अधिमानत: यथास्थान पुनर्वास हेतु एक सरल और पारदर्शी रूपरेखा सृजित करना है। भूमि को एक संसाधन के रूप में उपयोग करके, सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निजी निवेश पर भी ध्यान केन्द्रित करने का प्रयोजन रखती है, जिससे विकास प्रयासों को गति मिल सके। यह नीति इस बात को सुनिश्चित करते हुए कि इन भूमियों का उपयोग किफायती आवास और आवश्यक सुविधाओं के सृजन के लिए सर्वोत्तम तरीके से किया जाए, अतिक्रमण की गई सरकारी भूमियों के अधिकतम रूप से यथासंभव रूप में पुनर्प्राप्ति को प्राथमिकता देगी।

इस नीति का उद्देश्य जेजे निवासियों को मूलभूत सुविधाओं से युक्त पक्के घर उपलब्ध कराने को सुनिश्चित करना है, ताकि वे एक स्वच्छ, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन-शैली जी सकें। इन समुदायों के सामने आने वाली सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करके, सरकार, दिल्ली के शहरी परिदृश्य को बदलने का लक्ष्य रखती है, जिससे अधिक समावेशी और सतत भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सके। शहरी गरीबों के पुनर्वास की यह प्रतिबद्धता सामाजिक समानता और शहरी विकास के एक व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि सभी नागरिकों के अधिकारों और आकांक्षाओं को मान्यता मिले तथा उन्हें पूरा किया जाए।

2. परिभाषाएँ एवं संक्षेपण

2.1 **परिभाषाएं**

i. "वैकल्पिक आवास" एक ऐसी एकल आवासीय इकाई है या किसी सुपर स्ट्रक्चर बहुमंजिला इमारत में स्थित एक ऐसी इकाई है ,जो हर मौसम में रहने योग्य हो और जिसका न्यूनतम कारपेट एरिया 25 वर्ग मीटर हो और जिसमें शौचालय, पानी, बिजली आदि जैसी पर्याप्त मूलभूत नागरिक तथा अवसंरचना सेवाएं उपलब्ध हों।

ii. "अपीलीय प्राधिकारी" नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी द्वारा गठित एक प्राधिकारी होगा, जिसका उद्देश्य जेजे निवासियों के पुनर्वास और पुन:स्थापन के लिए वैकल्पिक आवास के आवंटन हेतु पात्रता निर्धारण से संबंधित शिकायतों का निवारण करना होगा।

iii. “प्राधिकरण” का तात्पर्य दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 में यथा परिभाषित दिल्ली विकास प्राधिकरण से है।

iv. "लाभार्थी" का तात्पर्य खंड 5.1 के अनुसार पात्र झुग्गी निवासी से है।

v. "लाभार्थी परिवार" (तत्पश्चात परिवार के रूप में संदर्भित) में सर्वेक्षण/संयुक्त सर्वेक्षण के समय झुग्गी में रहने वाले पति, पत्नी, अविवाहित पुत्र और/या अविवाहित पुत्रियाँ शामिल होंगे। परिवार के पास भारत के किसी भी भाग में या तो अपने नाम पर या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर कोई पक्का मकान (हर मौसम में रहने योग्य आवास इकाई) नहीं होना चाहिए।

vi. “बोर्ड का तात्पर्य डीयूएसआईबी अधिनियम, 2010 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत गठित दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) से है।

vii. “कारपेट एरिया” अपार्टमेंट का शुद्ध उपयोग योग्य फर्श क्षेत्र है, जिसमें बाहरी दीवारों से ढका क्षेत्र, सर्विस शाफ्ट के नीचे का क्षेत्र, विशेष बालकनी या बरामदा क्षेत्र और विशेष खुली छत का क्षेत्र शामिल

नहीं है, लेकिन इसमें अपार्टमेंट की आंतरिक विभाजन दीवारों से ढका क्षेत्र शामिल है। स्पष्टीकरण: इस परिभाषा के प्रयोजन के लिए, अभिव्यक्ति "विशेष बालकनी या बरामदा क्षेत्र" का तात्पर्य बालकनी या बरामदे के उस क्षेत्र से है, जो यथास्थिति अपार्टमेंट के शुद्ध उपयोग योग्य फर्श क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और जिसका उपयोग केवल आवंटन-प्राप्तकर्ता ही कर सकता है; तथा "विशेष खुली छत क्षेत्र" का तात्पर्य खुली छत के उस क्षेत्र से है, जो अपार्टमेंट के शुद्ध उपयोग योग्य फर्श क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और जिसका उपयोग केवल आवंटन-प्राप्तकर्ता ही कर सकता है।

viii. "दिल्ली" का तात्पर्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से है;

ix. "विकासकर्ता" का तात्पर्य जे.जे. बस्ती के पुनर्विकास के उद्देश्य से चयनित एकल संस्था या संस्थाओं के संघ से है।

x. "सरकार" का तात्पर्य अनुच्छेद 239 के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त और संविधान के अनुच्छेद 239कक के अंतर्गत निर्दिष्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल से है;

xi. किसी भी जेजे बस्ती के संबंध में "सुधार" का तात्पर्य डीयूएसआईबी अधिनियम, 2010 की धारा 11 के अंतर्गत यथा उपबंधित सुधार की गतिविधि से है;

xii. "झुग्गी" का तात्पर्य किसी भी सामग्री से बनी, चाहे वह अस्थायी हो या पक्की, ऐसी संरचना से है जिसमें निम्नलिखित विशेषताएं हों,अर्थात-

(क) इसका निर्माण आवासीय प्रयोजन के लिए किया गया हो;

(ख) इसका स्थान दिल्ली मास्टर प्लान के भूमि उपयोग के अनुरूप न हो;

(ग) यह अधिकार क्षेत्र रखने वाले स्थानीय प्राधिकरण द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत न हो ; और

(घ) इसे बोर्ड द्वारा अधिसूचना के माध्यम से घोषित की गई एक जेजे बस्ती में शामिल किया गया हो;

xiii. "झुग्गी झोपड़ी बस्ती" का तात्पर्य झुग्गियों के किसी भी ऐसे समूह से है जिसे बोर्ड निम्नलिखित कारकों के अनुसरण में अधिसूचना द्वारा झुग्गी झोपड़ी बस्ती के रूप में घोषित कर सकता है, अर्थात्:

(क) झुग्गियों का यह समूह मानव निवास के लिए अनुपयुक्त है;

(ख) जर्जर अवस्था, अत्यधिक भीड़भाड़, झुग्गियों की दोषपूर्ण व्यवस्था और डिजाइन, गलियों

की संकीर्णता या दोषपूर्ण व्यवस्था, वेंटिलेशन, प्रकाश या स्वच्छता सुविधाओं की कमी, या इन कारकों के किसी भी संयोजन के कारण, यह सुरक्षा, स्वास्थ्य या स्वच्छता के लिए हानिकारक है; और

(ग) दिनांक 1 जनवरी, 2025 को इसमें कम से कम पचास परिवार निवास कर रहे थे:

बशर्ते कि बोर्ड आदेश द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में फैली हुई किसी भी झुग्गी या झुग्गियों को किसी भी जेजे बस्ती से जोड़ सकता है और ऐसी झुग्गी या झुग्गियों को ऐसी जेजे बस्ती का हिस्सा माना जाएगा;

xiv. "भूमि" में भूमि से उत्पन्न होने वाले लाभ, पृथ्वी से जुड़ी वस्तुएं या पृथ्वी से जुड़ी किसी भी वस्तु से स्थायी रूप से जुड़ी वस्तुएं और किसी भी सड़क पर कानून द्वारा सृजित अधिकार शामिल हैं;

xv. "उपराज्यपाल" का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 239 के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल से है;

xvi. "स्थानीय प्राधिकरण" में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी), दिल्ली छावनी बोर्ड और स्थानीय प्राधिकरण के कार्यों का निर्वहन करने वाला कोई अन्य प्राधिकरण शामिल है;

xvii. "मास्टर प्लान" का तात्पर्य दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) के अंतर्गत तैयार दिल्ली मास्टर प्लान से है;

xviii. "शासकीय राजपत्र" का तात्पर्य दिल्ली के शासकीय राजपत्र से है;

xix. "पुनर्विकास" का तात्पर्य उस क्षेत्र के पुनर्विकास की गतिविधि से है जहां डीयूएसआईबी अधिनियम, 2010 की धारा 12 के प्रावधानों के अनुसरण में जेजे बस्ती स्थित है;

xx. "विनियम" का तात्पर्य डीयूएसआईबी अधिनियम, 2010 के अंतर्गत सरकार के अनुमोदन से बोर्ड द्वारा शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बनाए गए विनियम से है;

xxi. "नियम" का तात्पर्य डीयूएसआईबी अधिनियम, 2010 के अंतर्गत सरकार द्वारा शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बनाए गए नियम से है।

xxii. "योजना क्षेत्र" का तात्पर्य उस क्षेत्र से है जिसे प्रस्तावित झुग्गी पुनर्वास योजना (एसआरएस) के अंतर्गत पुनर्विकास/पुनर्वास और लाभकारी प्रयोजन के लिए निर्धारित किया गया है।

xxiii. "स्लम" और "स्लम क्षेत्र" का वही अर्थ होगा जो स्लम क्षेत्र (सुधार और निकासी) अधिनियम, 1956 (1956 का 96) के अंतर्गत उन्हें निर्दिष्ट किया गया है;

xxiv. "हस्तांतरणीय विकास अधिकार" (टीडीआर) का तात्पर्य मास्टर प्लान द्वारा यथा अनुमत विशिष्ट स्थलों पर अप्रयुक्त विकास अधिकारों के बदले में उपबंधित हस्तांतरणीय विकास अधिकारों से है।

टीडीआर, दिल्ली मास्टर प्लान के अंतर्गत समय-समय पर अधिसूचित या एमओएचयूए द्वारा अनुमोदित किसी विशेष प्रावधान/अपवाद के अंतर्गत तैयार विनियमों द्वारा शासित होंगे।

xxv. "ट्रांजिट आवास" का तात्पर्य स्लम पुनर्वास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान पात्र जेजे निवासियों को उपलब्ध कराए गए अस्थायी आवासीय आवास से है। यह निर्मित शिविरों, किराए के आवासों या अन्य अंतरिम व्यवस्थाओं के रूप में हो सकता है, और इसका उद्देश्य स्थायी आवास आवंटित होने तक सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक जीवन स्थितियों को सुनिश्चित करना है।

xxvi. "मुख्य अवसंरचना" का तात्पर्य उच्च कोटि की अवसंरचना से है जिसका प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न विकास परियोजनाओं के बीच साझा किए जाने वाले 'कैचमेंट' क्षेत्रों को सेवाएं प्रदान करना है, और यह आमतौर पर स्थानीय सरकारों द्वारा उपबंधित की जाती है। इसमें जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवरेज/सेप्टेज, सड़कें, स्ट्रीटलाइट, बिजली आदि जैसी मुख्य अवसंरचनाओं का विकास भी शामिल है।

2.2 **संक्षिप्त रूप**

संक्षिप्त रूप	**विस्तृत रूप**
जेजे	झुग्गी झोपड़ी
डीसीआर	विकास नियंत्रण विनियम
डीडीए	दिल्ली विकास प्राधिकरण
डीयूएसआईबी	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड
ईडीसी	पात्रता निर्धारण समिति
आईएस	भारतीय मानक
एलबीजेड	लुटियंस बंगलो ज़ोन
एमसीडी	दिल्ली नगर निगम
एमपीडी	दिल्ली मास्टर प्लान
पीपीपी	सार्वजनिक-निजी भागीदारी
आरईआरए	रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016
एसआरएस	स्लम पुनर्वास योजना
टीडीआर	हस्तांतरणीय विकास अधिकार

3. नीतिगत सिद्धांत

यह नीति निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित है:

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार यह मानती है कि जिन बस्तियों में जेजे बस्तियां मौजूद हैं, उनका आवासीय परिवेश एवं वातावरण प्रायः रहने योग्य नहीं होता तथा निवासियों के साथसाथ- आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों अर्थात दोनों के लिए भी अनुपयुक्त एवं अस्वास्थ्यकर होता है।

अतः, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, जेजे निवासियों को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन शैली सुनिश्चित करने के लिए पक्के घर उपलब्ध कराने और साथ ही भविष्य में आवास के उद्देश्य से भूमि उपलब्ध कराने के लिए इस नीति को प्रस्तुत करने और उसे लागू करने का ध्येय रखती है।

भूमि को एक संसाधन के रूप में अधिमानतः उपयोग हेतु सरकारी एजेंसियों, भू-स्वामित्व एजेंसियों और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के हस्तक्षेप के माध्यम से या तो यथास्थान या अन्यथा सार्वजनिक भूमि पर स्लम पुनर्वास के लिए एक सरल और पारदर्शी नीतिगत रूपरेखा तैयार करना।

उपयुक्त सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निजी निवेश को आकर्षित करना और विकास को व्यापक स्तर पर विस्तारित करना।

सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को यथासंभव पुनः प्राप्त करना और उसका सर्वोत्तम उपयोग करके अधिक से अधिक किफायती आवास/सुविधाओं का निर्माण करना।

4. नोडल एजेंसी

i. दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) दिल्ली सरकार और उसके विभागों/एजेंसियों, डीयूएसआईबी तथा एमसीडी से संबंधित भूमि के संबंध में जेजे बस्तियों के पुनर्वास/पुनःस्थापन के लिए नोडल एजेंसी होगी।

ii. डीडीए, केंद्रीय सरकार और उसके विभागों/एजेंसियों से संबंधित भूमि के संबंध में जेजे बस्तियों के पुनर्वास/ पुनःस्थापन के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) नोडल एजेंसी होगी।

iii. दिल्ली में स्थित वे सभी भू-स्वामित्व एजेंसियां जिनके पास अपनी भूमि पर जेजे बस्तियां हैं, इस नीति के अनुसार पुनर्वास/पुनःस्थापन का कार्य स्वयं कर सकती हैं या संबंधित नोडल एजेंसी को यह कार्य सौंप सकती हैं। भू-स्वामित्व एजेंसियां अपनी भूमि पर स्थित जेजे बस्तियों की सूची तैयार करेंगी और पुनर्विकास योजना सहित यह सूची संबंधित नोडल एजेंसी के साथ साझा करेंगी।

iv. डीयूएसआईबी, डीडीए के परामर्श से दिल्ली की सभी जेजे बस्तियों के पुनर्वास के लिए एक व्यापक योजना तैयार करेगा।

v. पात्रता निर्धारण समिति (ईडीसी) का गठन नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

vi. यदि भू-स्वामित्व एजेंसी स्वयं पुनर्वास/पुनःस्थापन का कार्य करती है, तो भू-स्वामित्व एजेंसी द्वारा गठित ईडीसी द्वारा जेजे निवासी की पात्रता का निर्धारण किया जाएगा। यदि भू-स्वामित्व एजेंसी पुनर्वास/पुनःस्थापन का कार्य नोडल एजेंसी को सौंपती है, तो पात्रता का निर्धारण नोडल एजेंसी द्वारा गठित ईडीसी द्वारा किया जाएगा।

vii. भू-स्वामित्व एजेंसियां, जेजे बस्तियों के निवासियों के पुनर्वास/पुनःस्थापन के दौरान, इस नीति और किसी भी लागू अधिनियम/नियम/विनियम/उपविधि/मानदंडों का पालन करेंगी।

5. पुनर्वास/पुनःस्थापन हेतु मानदंड

भाग क - पात्र झुग्गी झोपड़ी (जेजे) निवासी

5.1 **पात्रता मानदंड**

व्यक्तिगत झुग्गियाँ जो दिनांक 01.01.2025 से पहले अस्तित्व में थीं और वे दिनांक 01.01.2025 से पूर्व जेजे बस्तियों में शामिल हो गईं थी तथा जिनके निवासियों के पास नीति में यथा उपबंधित वैध दस्तावेजी प्रमाण मौजूद हैं, को तब तक ध्वस्त नहीं किया जाएगा जब तक कि जेजे निवासियों को कोई वैकल्पिक आवास आवंटित नहीं किया जाता, बशर्ते कि वे निम्नलिखित सभी शर्तें पूरी करते हों:

i. जेजे निवासी भारत का नागरिक होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए;

ii. जेजे निवासी केवल एक ही आवासीय इकाई का हकदार होगा, भले ही वह एक से अधिक झुग्गियों में रह रहा हो;

iii. एक परिवार को केवल एक ही आवास इकाई आवंटित की जाएगी, भले ही परिवार का कोई सदस्य अलग झुग्गी में रहता हो और उस सदस्य के पास दिनांक 01.01.2025 से पहले जारी किया गया अलग राशन कार्ड या बिजली कनेक्शन न हो। यदि अलग झुग्गी में रहने वाले उसी परिवार के किसी सदस्य के पास दिनांक 01.01.2025 से पहले जारी किया गया अलग राशन कार्ड या बिजली कनेक्शन है, तो वह सदस्य अलग आवास इकाई का हकदार होगा।

iv. पति-पत्नी के मामले में आवंटन संयुक्त नाम से किया जाएगा।

v. जेजे निवासी का नाम कम से कम दिनांक 01.01.2025 से पहले की एक मतदाता सूची में तथा सर्वेक्षण/संयुक्त सर्वेक्षण के वर्ष में भी प्रदर्शित किया जाएगा।

vi. नोडल एजेंसी और/या भू-स्वामित्व एजेंसी द्वारा आयोजित सर्वेक्षण/संयुक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट में जेजे निवासी का नाम प्रदर्शित किया जाएगा।

vii. जेजे निवासी और उनके परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा।

viii. उपरोक्त बिंदु 5.1(v) के अतिरिक्त, जेजे निवासी के पास दिनांक 01.01.2025 से पहले जारी किए गए 10 वैध दस्तावेजों (पात्रता निर्धारण के समय) में से कोई एक होना चाहिए जैसा कि बाद के बिंदुओं में यथा उपबंधित है।

ix. प्रधान मंत्री आवास योजना 2.0 के दिशानिर्देशों के अनुसार, जेजे निवासी के पास भारत के किसी भी हिस्से में या तो अपने नाम पर या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर कोई पक्का मकान (हर मौसम में रहने योग्य आवासीय इकाई) नहीं होना चाहिए।

x. यदि झुग्गी का उपयोग विशेष रूप से वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए किया जाता है तो कोई भी आवासीय इकाई आवंटित नहीं की जाएगी।

xi. यदि झुग्गी का उपयोग आवासीय तथा वाणिज्यिक दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, तो अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन, जेजे निवासी को एक आवास इकाई के आवंटन हेतु विचार किया जा सकता है। यदि उसी जेजे निवासी द्वारा झुग्गी का भूतल वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए और ऊपरी मंजिल/मंजिलें आवासीय उद्देश्यों के लिए उपयोग की जा रही हैं, तो नीति में यथा उल्लिखित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के अधीन जेजे निवासी केवल एक आवास इकाई के लिए ही हकदार होगा।

xii. यदि अलग-अलग परिवार ऊपरी मंजिलों पर रह रहे हैं और सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो उन्हें अलग-अलग आवास इकाइयों के आवंटन हेतु विचार किया जाएगा। यदि एक ही परिवार के सदस्य/सदस्यों द्वारा ऊपरी मंजिल/मंजिलों पर निवास किया जा रहा है तथा ऐसे परिवार के सदस्य/सदस्यों के पास दिनांक 01.01.2025 से पहले जारी किए गए अलग राशन कार्ड/कार्डों या बिजली कनेक्शन/कनेक्शनों नहीं है/हैं, तो परिवार को केवल एक आवास इकाई आवंटित की जाएगी। हालांकि, यदि किसी परिवार के सदस्य के पास दिनांक 01.01.2025 से पहले जारी किया गया अलग राशन कार्ड या बिजली कनेक्शन है, तो उस परिवार के सदस्य को अलग आवास इकाई आवंटित की जाएगी। स्पष्टता के लिए, दृष्टांत/ उदाहरण अनुलग्नक रूप में लागू होंगे।

xiii. कोई भी नियमित सेवारत या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी (केंद्र/राज्य) वैकल्पिक आवास के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा।

xiv. जेजे निवासी आवास इकाई के आवंटन का अधिकार के रूप में दावा नहीं कर सकता है।

5.2 **आवश्यक दस्तावेजी प्रमाण**

उपरोक्त बिंदु 5.1(viii) में परिकल्पित के अनुसार, झुग्गी में रहने वाले जेजे निवासी के पास दिनांक 01.01.2025 से पहले जारी किए गए और पात्रता निर्धारण के समय उसी पते पर वैध निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक होना चाहिए ताकि वह आवास इकाई के आवंटन के प्रयोजन के लिए पात्र हो सके:

i. फोटो सहित राशन कार्ड;

ii. बिजली का बिल;

iii. ड्राइविंग लाइसेंस;

iv. पासपोर्ट;

v. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक;

vi. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र;

vii. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटो सहित शारीरिक रूप से अक्षम होने का प्रमाण पत्र;

viii. किसी सरकारी विद्यालय/संस्थान द्वारा जारी किया गया फोटो युक्त पहचान पत्र या किसी सरकारी विद्यालय/संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा जारी किया गया फोटो युक्त प्रमाण पत्र जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि संयुक्त सर्वेक्षण के अनुसार झुग्गी में रहने वाले जेजे निवासी के परिवार का सदस्य उस विद्यालय/संस्थान का विद्यार्थी था/थी।

ix. वृद्धावस्था पेंशन या विधवा पेंशन या दिव्यांगजन/अक्षमजन पेंशन जैसे फोटो युक्त पेंशन संबंधी दस्तावेज/आदेश।

x. फोटो सहित स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना)।

5.3 विधवा/विधुर के मामले में आवंटन एक ही के नाम पर किया जाएगा। हालांकि, यदि संयुक्त सर्वेक्षण के बाद जेजे निवासी की मृत्यु हो जाती है, तो संयुक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार उस झुग्गी में वास्तव में निवास कर रहे कानूनी उत्तराधिकारी(उत्तराधिकारिओं) को मृतक जेजे निवासी के परिवार की कठिनाइयों को दूर करने के लिए इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए विचार किया जाएगा, बशर्ते कि मृतक जेजे निवासी नीति के अनुसार पात्र हो।

5.4 यदि लाभार्थी परिवार में कोई दिव्यांगजन शामिल है, तो ऐसे मामलों में भूतल पर आवास इकाई के आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी, बशर्ते कि आवास इकाई उपलब्ध हो और वह राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा जारी दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) पहचान पत्र / सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटो सहित शारीरिक रूप से अक्षम प्रमाण पत्र को प्रस्तुत करे, जो यह स्थापित करता हो कि संयुक्त सर्वेक्षण के समय या तो आवंटित व्यक्ति या उसके परिवार का कोई सदस्य जो उसके साथ रहता है, किसी दिव्यांगता अर्थात् (i) अंधापन (ii) निचले अंगों की ऑर्थोपेडिक अक्षमता जो कम से कम 40% प्रभावित है, से पीड़ित है।

5.5 **पात्र जेजे निवासी के लिए प्रावधान**

5.5.1 पात्र जेजे निवासी को ₹1,50,000/- की दर से या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया जाएगा, जो अधिमानतः उसी स्थान पर या जेजे बस्ती के 0-3 किलोमीटर के दायरे में स्थित होगा। इसके अतिरिक्त, आवंटित व्यक्ति को यथा लागू संचालन और अनुरक्षण प्रभार का भुगतान करना अपेक्षित होगा।

5.5.2 यदि जेजे बस्ती के 0-3 किलोमीटर के दायरे में वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराना संभव न हो, तो बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से 3 किलोमीटर से अधिक के दायरे में भी आवास उपलब्ध कराया जा सकता है, बशर्ते कि डीयूएसआईबी, एमसीडी, दिल्ली सरकार और उसकी एजेंसियों की भूमि पर जेजे बस्ती स्थित हो। यदि डीडीए, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर जेजे बस्ती स्थित है, तो उस स्थिति में इस कार्य हेतु डीडीए प्राधिकरण या संबंधित मंत्रालय/विभाग के सक्षम प्राधिकारी का पूर्व अनुमोदन आवश्यक होगा।

5.6 पात्रता निर्धारण समिति (ईडीसी) द्वारा घोषित किए गए वे अपात्र जेजे निवासी जिनका नाम दिनांक 01.01.2025 से पहले मतदाता सूची में नहीं है या जिनके पास दिनांक 01.01.2025 से पहले उपरोक्त 5.2 में यथा निर्दिष्ट उनके नाम से संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं है, तो उन पर एसआरएस.यूयूसीए के अंतर्गत विचार नहीं किया जाएगा।

भाग ख - फ्लैट/आवासीय इकाई का आवंटन

5.7 **लाभार्थियों को फ्लैट/आवासीय इकाई का आवंटन**

नोडल एजेंसी/संबंधित भू-स्वामित्व एजेंसी लाभार्थियों की उपस्थिति में कम्प्यूटरीकृत लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से लाभार्थियों को एसआरएस के अंतर्गत निर्मित घरों का आवंटन करेगी।

6. पुनर्वास योजनाएँ

6.1 पुनर्वास योजनाएँ

पुनर्वास योजनाओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा, यथा;

श्रेणी क: नोडल एजेंसी/भूमि स्वामी एजेंसी द्वारा सार्वजनिक निधि का उपयोग करके जेजे बस्तियों के पुनर्वास के लिए योजनाएं।

श्रेणी ख: नोडल एजेंसी/भूमि-मालिक एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से जेजे बस्तियों के पुनर्वास के लिए योजनाएं।

दोनों श्रेणियों के अंतर्गत आने वाली योजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी क:

योजना क 1: जेजे बस्तियों के आसपास पहले से उपलब्ध वैकल्पिक आवासों का उपयोग करके जेजे बस्तियों का पुनर्वास।

नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी, नीचे उल्लिखित अनुसार, जेजे बस्तियों के निवासियों को वैकल्पिक आवास प्रदान करने के लिए पुनर्वास योजना तैयार करेगी:

i. जेजे बस्तियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पहले से निर्मित वैकल्पिक आवासों में स्थानांतरित करने के लिए पुनर्वास योजना तैयार की जाएगी, जो जेजे बस्तियों के 0-3 किलोमीटर के दायरे में आते हैं।

ii. यदि (क) संभव न हो, तो बोर्ड की पूर्व स्वीकृति से 3 किलोमीटर के दायरे से आगे भी इसका विस्तार किया जा सकता है, बशर्ते कि जेजे बस्ती डीयूएसआईबी, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार और उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित हो। यदि यह बस्ती डीडीए, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित है, तो इसके लिए डीडीए प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन आवश्यक होगा ।

योजना क 2: उसी भूमि पर जेजे बस्तियों का यथास्थान पुनर्वास या वैकल्पिक आवास बनाने के लिए आसपास के भू-खंड का उपयोग करके पुनर्वास।

i. नोडल एजेंसी/भूमि स्वामी एजेंसी, जेजे बस्ती का पुनर्वास उसी भूमि पर या उसके स्वामित्व वाली या उसके द्वारा अधिग्रहित किसी भी भू-खंड का उपयोग करके आस-पास (अधिमानतः जेजे बस्ती से 0-3 किमी के दायरे में) वैकल्पिक आवास विकसित करने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करेगी। यदि जेजे बस्ती डीयूएसआईबी, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार और उसकी एजेंसियों की भूमि पर है, तो बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से यह 3 किमी के दायरे से बाहर भी जा सकती है। यदि जेजे बस्ती

डीडीए, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर है, तो यह दिल्ली विकास प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन से ही संभव होगा।

श्रेणी ख :

इस श्रेणी के अंतर्गत आने वाली योजनाओं को नोडल एजेंसी या अन्य भूमि-स्वामित्व वाली एजेंसी द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। यह योजना भूमि को एक संसाधन के रूप में उपयोग करके और लाभकारी विकास मॉडल के माध्यम से निजी निवेश को आकर्षित करके झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास को सक्षम बनाती है।

यह सुनियोजित पुनर्विकास को सुगम बनाता है, निजी भागीदारी के माध्यम से आवास और बुनियादी ढांचे की उपलब्धता सुनिश्चित करता है, और जेजे निवासियों के विस्थापन को कम करते हुए समावेशी शहरी विकास को बढ़ावा देता है।

योजना ख 1: पीपीपी मॉडल पर जेजे बस्तियों का यथास्थान पुनर्वास

i. जेजे बस्तियों(झुग्गी झोपड़ी- बस्तियों) को पीपीपी (सार्वजनिक निजी- भागीदारी) के माध्यम से यथास्थान पुनर्विकास के लिए विचार किया जा सकता है, जिसमें निजी विकासकर्ता जेजे बस्ती के निवासियों के लिए वैकल्पिक आवास का निर्माण करेंगे तथा इसके बदले उन्हें योजना क्षेत्र के एक हिस्से पर विकास अधिकार प्रदान किए जाएंगे।

ii. एसआरएस को नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी द्वारा लागू विनियमों के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिसमें पुनर्वास और लाभकारी घटकों का इष्टतम अनुपात (दिल्ली मास्टर प्लान के डीसीआर या एमओएचए द्वारा अनुमोदित किसी विशेष प्रावधान/अपवाद के अनुसार) सुनिश्चित किया जाएगा ताकि निजी निवेश को आकर्षित किया जा सके और वित्तीय व्यवहार्यता और सामाजिक समावेशिता सुनिश्चित की जा सके।

iii. इस मॉडल के अंतर्गत, लाभार्थी को एक वैकल्पिक मकान (1 बीएचके) आवंटित किया जाएगा जिसमें दो कमरे (1 हॉल और 1 बेडरूम), रसोईघर, बाथरूम, शौचालय और बालकनी के साथ-साथ बुनियादी नागरिक सुविधाएं शामिल होंगी। आवंटन 10 वर्षों की लॉक-इन अवधि के साथ पट्टे पर होगा, जिसके बाद बकाया भुगतान और लागू मानदंडों के अनुपालन के अधीन स्वामित्व हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

iv. निर्माण अवधि के दौरान, विकासकर्ता संस्थाएं लाभार्थियों को अस्थायी आवास या किराये की सहायता प्रदान करेंगी, चाहे वह निर्मित शिविरों के माध्यम से हो या आपसी सहमति से तय किराये की व्यवस्था के माध्यम से। यदि कोई लाभार्थी अस्थायी आवास व्यवस्था का दुरुपयोग करता हुआ या योजना की शर्तों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है, तो उसका आवंटन रद्द का दिया जाएगा ।

v. लागू नियमों/नीतियों के अनुसार खुली और पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से विकासकर्ता का चयन किया जाएगा। हालांकि, यदि जेजे बस्ती डीयूएसआईबी, एमसीडी, दिल्ली सरकार और उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मंत्रिमंडल की स्वीकृति से किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) को भी विकासकर्ता इकाई के रूप में नामित किया जा सकता है। यदि जेजे बस्ती डीडीए, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित है, तो केंद्र सरकार (संबंधित मंत्रालय के केबिनेट मंत्री) की स्वीकृति से किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) को विकासकर्ता इकाई के रूप में नामित किया जा सकता है।

vi. एसआरएस की शर्तों के अनुसार विकासकर्ता को लाभकारी घटक की बिक्री के माध्यम से राजस्व अर्जित करने की अनुमति होगी।

vii. इस योजना की निगरानी नोडल एजेंसी/भूमि स्वामी एजेंसी द्वारा आवधिक निरीक्षण और अनुपालन जांच के माध्यम से की जाएगी।

योजना ख 2: पीपीपी मॉडल में अतिरिक्त खाली भूखंड का उपयोग करके जेजे बस्तियों का पुनर्वास

i. यदि योजना संबंधी बाधाओं, घनत्व सीमाओं, पर्याप्त स्थान की कमी या किसी अन्य कारण से जेजे बस्तियों का पुनर्वास यथास्थान नहीं किया जा सकता है, तो नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी योजना क्षेत्र में शामिल करने के लिए आस-पास (अधिमानतः जेजे बस्ती/बस्तियों से 0-3 किमी के दायरे में) अतिरिक्त खाली भू-खंड की पहचान कर सकती है। यदि जेजे बस्ती डीयूएसआईबी, एमसीडी, दिल्ली सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर है, तो बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से 3 किमी के दायरे से अधिक क्षेत्र में भी यह कार्य किया जा सकता है। यदि जेजे बस्ती दिल्ली विकास प्राधिकरण, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर है, तो यह दिल्ली विकास प्राधिकरण या संबंधित मंत्रालय/विभाग के सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से होगा।

ii. इस योजना के अंतर्गत, चिन्हित खाली भूमि का उपयोग या तो पुनर्वास के लिए या एसआरएस की व्यवहार्यता के उद्देश्य से लाभकारी घटक के लिए किया जाएगा।

iii. एसआरएस को नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी द्वारा दिल्ली के मास्टर प्लान के मानदंडों या एमओएचए द्वारा अनुमोदित किसी विशेष प्रावधान/अपवाद के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिसमें निजी निवेश को आकर्षित करने और वित्तीय व्यवहार्यता और सामाजिक समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए पुनर्वास और लाभकारी घटकों का इष्टतम अनुपात सुनिश्चित किया जाएगा।

iv. इस मॉडल के अंतर्गत, लाभार्थी को एक वैकल्पिक मकान (1 बीएचके) आवंटित किया जाएगा जिसमें दो कमरे (1 हॉल और 1 बेडरूम), रसोईघर, बाथरूम, शौचालय और बालकनी के साथ-साथ बुनियादी

नागरिक सुविधाएं शामिल होंगी। आवंटन 10 वर्षों की लॉक-इन अवधि के साथ पट्टे पर होगा, जिसके बाद बकाया भुगतान और लागू मानदंडों के अनुपालन के अधीन स्वामित्व हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

v. लागू नियमों/नीतियों के अनुसार खुली और पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से विकासकर्ता का चयन किया जाएगा। हालांकि, यदि जेजे बस्ती डीयूएसआईबी, एमसीडी, दिल्ली सरकार और उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मंत्रिमंडल की स्वीकृति से किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) को भी विकासकर्ता इकाई के रूप में नामित किया जा सकता है। यदि जेजे बस्ती डीडीए, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित है, तो केंद्र सरकार (संबंधित मंत्रालय के केबिनेट मंत्री) की स्वीकृति से किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) को विकासकर्ता इकाई के रूप में नामित किया जा सकता है।

vi. पुनर्वास योजना की शर्तों के अनुसार, विकासकर्ता को लाभकारी घटक की बिक्री के माध्यम से राजस्व अर्जित करने की अनुमति होगी।

vii. नोडल एजेंसी द्वारा आवधिक निरीक्षण और अनुपालन जांच के माध्यम से इस योजना की निगरानी की जाएगी।

सभी पुनर्वास योजनाओं के लिए टीप:

i. नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी एसआरएस तैयार करने के लिए ऊपर 6.1 में उल्लिखित किसी भी योजना को संयोजित कर सकती है।

ii. उपरोक्त 6.1 में उल्लिखित पुनर्वास योजना/पुनर्वास योजनाओं के संयोजन के चयन के संबंध में नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी का निर्णय अंतिम होगा।

iii. जेजे बस्तियों का समूहीकरण: अलग-अलग स्थानों पर स्थित और एक-दूसरे से सटी हुई न होने वाली जेजे बस्तियों को, जो अधिमानतः एक-दूसरे के 0-3 किमी के दायरे में आती हों, सभी पुनर्वास योजनाओं में एक व्यापक पुनर्वास योजना तैयार करने के लिए एक साथ समूहबद्ध करने की अनुमति दी जाएगी।

iv. हालांकि, उपरोक्त किसी भी बात से नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी की दिल्ली में किसी भी स्थान पर किसी भी कारण से झुग्गियों के पुनर्वास के लिए अधिकार कम नहीं होगा।

6.2 पुनर्वास योजनाओं को तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश

नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी एसआरएस तैयार करते समय निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का पालन करेगी:

i. पुनर्वास घटक के अंतर्गत आने वाले भवनों को सभी लागू भारतीय मानक संहिताओं का पालन करना होगा।

ii. भवन के संरचनात्मक डिजाइन को राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थान द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए।

iii. भवन का डिजाइन सार्वभौमिक पहुंच के सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए।

iv. भवन ऊर्जा कुशल होनी चाहिए और अधिमानतः जीआरआईएचए या अन्य समान एजेंसियों से सुसंगत प्रमाणीकरण होना चाहिए।

v. यदि एसआरएस में एक से अधिक भू-खंड शामिल हैं, तो पुनर्वास और लाभकारी घटक के लिए भूमि की प्राथमिकता, योजना की व्यावसायिक व्यवहार्यता और वैकल्पिक घरों को अधिक से अधिक करने के आधार पर की जाएगी।

vi. भूमि के लाभकारी घटक का हस्तांतरण, जिसमें मुक्त स्वामित्व के आधार पर हस्तांतरण भी शामिल है, लागू कानून और संबंधित भूमि-स्वामित्व एजेंसी तथा भूमि की प्रकृति से संबंधित नियमों/विनियमों के अनुसार किया जाएगा। पट्टे पर ली गई भूमि को मुक्त स्वामित्व में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक संशोधन या अनुमोदन कानून के अनुसार अलग से प्राप्त किया जा सकता है।

vii. स्लम पुनर्विकास परियोजनाओं का आरईआरए के अंतर्गत पंजीकरण अनिवार्य होगा।

viii. स्लम पुनर्वास योजना के अंतर्गत भवनों की संरचनात्मक दोष दायित्व अवधि निर्माण पूर्ण होने की तिथि से 5 वर्ष होगी और अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए उपयुक्त बीमा कराया जाएगा। क1 और क2 पुनर्वास योजनाओं के मामले में यह बीमा नोडल एजेंसी/भूमि-स्वामित्व एजेंसी द्वारा कराया जाएगा, जबकि ख1 और ख2 पुनर्वास योजनाओं के मामले में यह बीमा विकासकर्ता संस्था द्वारा कराया जाएगा।

ix. जहां भी आवश्यक हो, प्रत्येक पुनर्वास योजना (एसआरएस) को सक्षम प्राधिकारी द्वारा नीति, डीयूएसआईबी अधिनियम, 2010 और अन्य लागू कानूनों के अनुसार तैयार और अनुमोदित किया जाएगा।

6.3 **हितधारकों की भूमिकाएँ और उत्तरदायित्व**

इन योजनाओं के मुख्य हितधारक निम्नलिखित हैं:

i. नोडल एजेंसी

ii. भू-स्वामित्व एजेंसियां।

iii. लाभार्थी

iv. विकासकर्ता

भूमिका और उत्तरदायित्वों का विवरण निम्न प्रकार है।

6.3.1 **नोडल एजेंसी की भूमिका**

i. नियामक, मध्यस्थ और सहायक के रूप में कार्य करना।

ii. सुरक्षा, संरक्षा, अवसंरचना, योजना, कानूनी या अन्य बाधाओं के कारण जहां पुनर्वास संभव न हो, उन मामलों को छोड़कर, अनुरोध पर अपनी स्वयं की भूमि या अन्य भूमि-स्वामित्व एजेंसियों की भूमि पर लघु-वर्गीय बस्तियों के पुनर्वास के लिए योजनाएं तैयार करना। ऐसी योजना इस नीति और दिल्ली मास्टर प्लान में दिए गए दिशा-निर्देशों या एमओएचयूए द्वारा अनुमोदित किसी विशेष प्रावधान/अपवाद के अनुसार तैयार की जाएगी।

iii. सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, योजना, कानूनी या अन्य बाधाओं के कारण पुनर्वास संभव न होने पर, अतिक्रमण करने वाली बस्तियों को उनकी अपनी भूमि या अन्य भूमि-स्वामित्व एजेंसियों की भूमि पर पुनर्वासित करने की योजना तैयार करना। ऐसी योजनाएँ इस नीति और दिल्ली मास्टर प्लान के अंतर्गत दिए गए दिशा-निर्देशों या एमओएचयूए द्वारा अनुमोदित किसी विशेष प्रावधान/अपवाद के अनुसार तैयार की जाएंगी।

iv. योजनाओं के लिए मानक विनिर्देश निर्धारित करना।

v. ईडीसी के अनुसार लाभार्थियों की सूची तैयार करना।

vi. नीति की व्याख्या और कार्यान्वयन से संबंधित मामलों को हल करना।

vii. यदि भूमि नोडल एजेंसी के स्वामित्व में है या एसआरएस नोडल एजेंसी को सौंपा गया है, तो विकासकर्ता का चयन करना।

viii. पुनर्वासित/पुनस्थापित जेजे बस्ती का नाम अधिसूचित/चिह्नित जेजे बस्तियों की सूची से हटाना।

ix. नोडल एजेंसी, 6.4.1 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार पुनर्वास योजनाओं के अंतर्गत पुनर्वास घटक के सामान्य क्षेत्र के संचालन और रखरखाव के लिए उत्तरदायी होगी।

x. नोडल एजेंसी लाभार्थियों की क्षमता निर्माण हेतु संदर्भ मार्गदर्शिका तैयार करने के लिए उत्तरदायी होगी, जिसके अंतर्गत नए आवास/पर्यावरण के अनुकूलन के लिए जागरूकता पैदा करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। यह एजेंसी लाभार्थियों के लिए जागरूकता हेतु प्रशिक्षण/कार्यशालाओं के आयोजन के लिए भी उत्तरदायी होगी।

6.3.2 **भू-स्वामित्व एजेंसी की भूमिका**

i. जेजे बस्ती का पुनर्वास स्वयं किया जाए या यह कार्य नोडल एजेंसी को सौंपा जाए।

ii. नोडल एजेंसी के साथ एक बाध्यकारी समझौता करें, जिसमें एसआरएस की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक खर्चों के लिए प्रतिशत दर का भुगतान शामिल हो। यदि जेजे बस्ती डीयूएसआईबी, एमसीडी, दिल्ली सरकार और उसकी एजेंसियों की भूमि पर है । पुनर्वास और लाभकारी घटक दोनों की कुल परियोजना लागत का प्रतिशत बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाएगा, या यदि जेजे बस्ती डीडीए, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर है, तो डीडीए प्राधिकरण या संबंधित मंत्रालय/विभाग के सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा ।

iii. पुनर्वास के लिए विकासकर्ता का चयन करना और विकास समझौतों पर हस्ताक्षर करना।

iv. बुनियादी नागरिक सुविधाओं के लिए बाह्य मुख्य अवसंरचना सुविधाओं को सुगम बनाना।

v. पुनर्वास/पुन:स्थापन परियोजनाओं के अंतर्गत निर्मित घरों का पर्यवेक्षण/आवंटन करना।

vi. विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन/विकास समझौतों के निष्पादन के लिए प्रशासनिक/पुलिस सहायता सुनिश्चित करना।

vii. व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) की आवश्यकता होने की स्थिति में, भू-स्वामित्व वाली एजेंसी विकासकर्ता को यह भुगतान करने हेतु उत्तरदायी होगी।

viii. यदि नोडल एजेंसी अपने संसाधनों के माध्यम से पुनर्वास/पुन:स्थापन कर रही है, तो ऊपर 6.3.2.(ii) में उल्लिखित प्रतिशत के अतिरिक्त, भू-स्वामित्व एजेंसी नोडल एजेंसी को अग्रिम रूप से ऐसे भुगतान भी करेगी, जो नोडल एजेंसी द्वारा लाभार्थी के अंशदान की कटौती के पश्चात नोडल एजेंसी द्वारा यथा अधिसूचित भूमि की लागत और पुनर्स्थापन शुल्क सहित वैकल्पिक आवास की लागत को पूरा करता है।

ix. भू-स्वामित्व एजेंसी, 6.4.1 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार पुनर्वास योजनाओं के अंतर्गत पुनर्वास घटक के सामान्य क्षेत्र के संचालन और रखरखाव हेतु उत्तरदायी होगी।

x. भू-स्वामित्व एजेंसी लाभार्थियों को नए आवास/पर्यावरण के अनुकूलन के लिए जागरूकता हेतु प्रशिक्षण/कार्यशालाएं आयोजित करने हेतु उत्तरदायी होगी।

6.3.3 **लाभार्थियों की भूमिका**

i. सर्वेक्षण/संयुक्त सर्वेक्षण के दौरान अपनी पहचान विधिवत दर्ज कराने/झुग्गियों की तस्वीरें और वीडियो बनवाना।

ii. सरकार द्वारा निर्धारित लागत का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी को करना।

iii. अपने आवंटित घरों के लिए संबंधित एजेंसियों/विभागों से बिजली और पानी का कनेक्शन प्राप्त करना।

iv. बिजली, पानी, संचालन और सार्वजनिक क्षेत्र के रखरखाव, कॉर्पस निधि और अन्य लागू शुल्कों का समय पर भुगतान करना।

v. अतिक्रमित भूमि को खाली कराना या समयबद्ध तरीके से पुनर्विकास को सुगम बनाना।

vi. निर्माण अवधि के दौरान विकासकर्ता संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए अस्थायी आवास या किराए के आवास में रहना या स्वयं निवासियों द्वारा लिए गए किराए के आवास का पता और निर्माण चरण के दौरान पते में कोई भी परिवर्तन होने पर उसका विवरण देना।

i. यदि यह पाया जाता है कि कोई भी निवासी उचित नोटिस देने के बाद भी अस्थायी/किराए के आवास में नहीं रह रहा है, तो झुग्गी के बदले वैकल्पिक आवंटन का उसका अधिकार समाप्त कर दिया जाएगा। यदि इसमें कोई दुर्भावनापूर्ण या आपराधिक कृत्य शामिल पाया जाता है, तो कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

vii. आवंटन की शर्तों के अनुसार अपने वैकल्पिक आवास को किसी और को हस्तांतरित या उप-किराए पर न दें और दोबारा अतिक्रमण न करें। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है, तो आवंटित वैकल्पिक आवास रद्द कर दिया जाएगा और/या भविष्य में उन्हें ऐसी किसी भी योजना के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

viii. यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि इस योजना के अंतर्गत आवंटन के बाद लाभार्थी ने किसी भूमि पर अतिक्रमण किया है, तो ऐसे मामलों में, योजना के अंतर्गत आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और आवासीय इकाई जब्त कर ली जाएगी और ऐसी आवासीय इकाई नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी के स्वामित्व में वापस आ जाएगी।

ix. लाभार्थियों को आवासीय इकाइयों के आवंटन की पहली तिथि से 6 माह की अवधि के भीतर लाभार्थी संघ का गठन करना होगा, ताकि संचालन और रखरखाव के लिए विकासकर्ता/नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा सके। लाभार्थी संघ, धारा 6.4 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार, विकासकर्ता/नोडल एजेंसी/भू-स्वामी एजेंसी से संचालन और रखरखाव का कार्यभार ग्रहण करेगा।

x. जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेना, स्वच्छता और सफाई की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना, स्रोत पर ही कचरे का संग्रहण और पृथक्करण सुनिश्चित करना, बुनियादी ढांचे और सेवाओं के रखरखाव में शामिल आरडब्ल्यूए और एजेंसियों की सहायता करना।

6.3.4 **विकासकर्ता की भूमिका**

i. पुनर्वास कार्य के लिए परियोजना रूपरेखा सहित आवासीय इकाइयों की विनियोजन के साथ विस्तृत वास्तुशिल्प और संरचनात्मक चित्र तैयार करना।

ii. जेजे बस्ती के पुनर्वास योजना के लिए आवश्यक निधि की व्यवस्था करना।

iii. एमपीडी और एकीकृत भवन उपनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित प्राधिकारी से सभी आवश्यक वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करना।

iv. नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी की प्रशासनिक सहायता से पुनर्वास के लिए जेजे बस्ती को खाली करवाना।

v. विकासकर्ता के पास यह विकल्प होगा कि वह संक्रमणकालीन अवधि के दौरान लाभार्थियों को किराए पर आवास उपलब्ध कराए या आवास के लिए किराया प्रदान करे, या अपनी भूमि पर स्वयं के खर्च पर (सामान्य क्षेत्र के रखरखाव सहित) ट्रांजिट हाउसिंग का निर्माण करे, या उपरोक्त विकल्पों का संयोजन करे, यदि जेजे बस्ती एमसीडी, दिल्ली सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित है, तो अधिमानतः जेजे बस्ती से 0-3 किमी के भीतर, जो कि बोर्ड की पूर्व अनुमोदन से 3 किमी से अधिक भी हो सकता है, यदि जेजे बस्ती डीडीए, केंद्र सरकार या उसकी एजेंसियों की भूमि पर स्थित है, तो यह डीडीए प्राधिकरण या संबंधित मंत्रालय/विभाग के सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से होगा ।

vi. यदि विकासकर्ता द्वारा अपनी उपलब्ध भूमि पर कोई ट्रांजिट हाउसिंग का निर्माण किया जाता है, तो निर्माण, संचालन और रखरखाव की लागत तथा ट्रांजिट हाउसिंग स्थल पर उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं/अवसंरचनाओं (जैसे पानी, बिजली, सीवरेज, शौचालय आदि) की लागत विकासकर्ता द्वारा वहन की जाएगी। विकासकर्ता द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं की समय-समय पर नोडल एजेंसी/भू-स्वामी एजेंसी द्वारा जांच की जाएगी और विकासकर्ता को सुविधाओं के उचित रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि ट्रांजिट हाउसिंग में स्वच्छता की स्थिति बनी रहे।

vii. विकासकर्ता संस्था, जेजे बस्तियों के लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए वैकल्पिक ट्रांजिट/किराए के आवास का विवरण नोडल एजेंसी/भू-स्वामी एजेंसी को त्रैमासिक आधार पर प्रदान करेगी। प्रत्येक ट्रांजिट आवास इकाई के लिए न्यूनतम 16.72 वर्ग मीटर (180 वर्ग फुट) का आवासीय क्षेत्रफल उपलब्ध कराया जाएगा। विकासकर्ता समय-समय पर औचक निरीक्षण करेगा ताकि यह सुनिश्चित

किया जा सके कि लाभार्थी उपलब्ध कराए गए ट्रांजिट आवास (विकासकर्ता द्वारा उपलब्ध कराया गया ट्रांजिट आवास या किराए का आवास, या लाभार्थी द्वारा विकासकर्ता द्वारा भुगतान किए गए किराए पर व्यवस्थित किया गया आवास) में रह रहे हैं या नहीं। यदि यह पाया जाता है कि लाभार्थी परिवार उपलब्ध कराए गए ट्रांजिट आवास में नहीं रह रहे हैं, तो विकासकर्ता इसकी सूचना नोडल एजेंसी/भूमि स्वामी एजेंसी को देगा। नोडल एजेंसी/भू-स्वामी एजेंसी भी उपलब्ध कराए गए ट्रांजिट आवास में लाभार्थी परिवार की उपस्थिति की यादृच्छिक रूप से जांच करेगी। यदि यह पाया जाता है कि कोई भी निवासी उचित नोटिस देने के बाद भी ट्रांजिट आवास में नहीं रह रहा है, तो झुग्गी के बदले वैकल्पिक आवंटन का उसका अधिकार समाप्त कर दिया जाएगा। यदि इसमें कोई दुर्भावनापूर्ण या आपराधिक कृत्य शामिल पाया जाता है, तो कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

viii. यदि विकासकर्ता द्वारा परिवर्तन अवधि के दौरान लाभार्थियों को किराया देना हो, तो यह एसआरएस तैयार करते समय निर्धारित किया जाएगा। विकासकर्ता द्वारा देय न्यूनतम किराए का आकलन उस क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के फ्लैट की लागत के आधार पर किया जाएगा, जहां जेजे बस्ती का पुनर्विकास/पुनर्वास प्रस्तावित है। इसके अलावा, गणना किए गए न्यूनतम किराए को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के अनुसार मुद्रास्फीति के समायोजन के लिए समायोजित किया जाएगा। इसे नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। इससे स्थानिक अंतर के साथ-साथ एसआरएस के कार्यान्वयन के समय उस क्षेत्र में किराए में होने वाली मुद्रास्फीति का भी ध्यान रखा जाएगा।

ix. विकासकर्ता को अपने खर्च पर ट्रांजिट आवास स्थल पर बुनियादी सुविधाएं/अवसंरचनाएं जैसे पानी, बिजली, सीवरेज सुविधा, शौचालय आदि उपलब्ध करानी होंगी और विकासकर्ता द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं की समय-समय पर नोडल एजेंसी द्वारा जांच की जानी चाहिए और विकासकर्ता को सुविधाओं के उचित रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाने चाहिए, ताकि ट्रांजिट आवास में स्वच्छता की स्थिति बनी रहे।

x. विकासकर्ता पुनर्वास घटक के लिए भूमि क्षेत्र के पुनर्विकास और उसे नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी को सौंपने के लिए उत्तरदायी होगा।

xi. भूमि के लाभकारी घटक का स्वामित्व तब तक विकासकर्ता को हस्तांतरित नहीं किया जाएगा जब तक कि पुनर्वास घटक का कार्य पूरा नहीं हो जाता और नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी को हस्तांतरित नहीं हो जाता। हालांकि, विकासकर्ता को अपने विकास कार्यों को शुरू करने के लिए मार्ग का अधिकार दिया जाएगा और झुग्गी पुनर्विकास परियोजना के पुनर्वास भाग के वित्तपोषण के लिए, विकासकर्ता निर्दिष्ट शर्तों के अधीन परियोजना ऋणदाता (कोई भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, सार्वजनिक वित्तीय संस्थान) के पक्ष में लाभकारी भूमि भाग का बंधक बनाने का हकदार होगा। इसके

अलावा, परियोजना के नकदी प्रवाह को एक निर्दिष्ट एसक्रो खाते में जमा करके सुरक्षित किया जाएगा, जिसका उपयोग निर्दिष्ट भुगतान प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा, जो यह सुनिश्चित करता है:

(क) पुनर्वास घटक के निर्माण और पूर्णता के लिए धन का प्राथमिकता के आधार पर आवंटन;

(ख) नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी को सभी बकाया राशि का भुगतान; और

(ग) विकासकर्ता के ऋण दायित्वों का भुगतान करना।

एसक्रो खाते से विकासकर्ता संस्था को किसी भी प्रकार की धनराशि जारी करना नोडल एजेंसी/ भू-स्वामित्व वाली एजेंसी द्वारा गठित समिति के अनुमोदन से ही संभव होगा।

xii. उपरोक्त खंड (xi) के प्रावधानों के अतिरिक्त, एसक्रो खाता आरईआरए के दिशा-निर्देशों के अनुसार बनाए रखा जाएगा।

xiii. निर्माणकर्ता संस्था निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के लिए नवीनतम निर्माण तकनीक का उपयोग करेगी और सभी नवीनतम संबंधित संहिताओं/मानकों/नियमों का अनुपालन करेगी।

xiv. लाभार्थियों को आवास इकाइयों के आवंटन की तिथि से 6 माह की अवधि के भीतर लाभार्थी संघ के गठन को सुगम बनाना।

xv. झुग्गी पुनर्वास योजना के अंतर्गत भवनों की संरचनात्मक दोष देयता अवधि के लिए विकासकर्ता उत्तरदायी होगा, जो निर्माण पूर्ण होने की तिथि से 5 वर्ष तक होगी, और अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए उपयुक्त बीमा कराया जाना चाहिए।

xvi. विकासकर्ता, 6.4.2 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार पुनर्वास योजनाओं के अंतर्गत पुनर्वास घटक के सामान्य क्षेत्र के संचालन और रखरखाव के लिए उत्तरदायी होगा।

xvii. विकासकर्ता लाभार्थियों को नए आवास/पर्यावरण के अनुकूलन के लिए जागरूकता हेतु प्रशिक्षण/कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए उत्तरदायी होगा।

6.4 **सार्वजनिक क्षेत्रों का संचालन और रखरखाव**

6.4.1 **पुनर्वास योजनाओं क1 और क2 के लिए**

नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी परियोजना परिसंपत्तियों/परियोजना सुविधाओं के संचालन, रखरखाव और सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होगी, जिसमें अतिरिक्त पुर्जों का प्रतिस्थापन, मरम्मत और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद शामिल है, और साथ ही पुनर्वास योजनाओं क1 और क2 के अंतर्गत पुनर्वास घटक के लिए आवश्यक जनशक्ति की नियुक्ति भी शामिल है, जैसा कि ऊपर 6.1 में उल्लेख किया गया है, यह कार्य वह स्वयं या

ठेकेदारों, उप-ठेकेदारों या एजेंटों की नियुक्ति के माध्यम से अपने खर्च पर प्रथम आवंटन की तिथि से 5 वर्षों की अवधि के लिए करेगी।

नोडल एजेंसी/भू-स्वामित्व एजेंसी निम्न के लिए उत्तरदायी होगी-

i. ऑन-साइट जल आपूर्ति सेवाओं, सीवरेज/अपशिष्ट जल प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, इलेक्ट्रिक पंप, जनरेटर, पंप, लिफ्ट, अग्निशमन प्रणाली/उपकरण, सीवेज उपचार संयंत्र/उपकरण, वर्षा जल संचयन संयंत्र उपकरण, सौर प्रकाश व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग, लैंडस्केपिंग, सीसीटीवी, 24x7 सुरक्षा सेवाओं और किसी भी अन्य सामान्य अवसंरचना के लिए अपेक्षित संचालन, रखरखाव और जनशक्ति के लिए उत्तरदायी होगी और ये सेवाएं 5 वर्षों की अवधि के लिए होगी ।

ii. उपर्युक्त उपकरणों/प्रणालियों के संचालन के लिए देय सभी बिजली शुल्क/बिलों का भुगतान, उपभोग्य सामग्रियों की खरीद और दैनिक रखरखाव एवं सेवा के लिए पर्याप्त कर्मचारी/मानवशक्ति (जैसे प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, राजमिस्त्री, बढ़ई, पंप ऑपरेटर आदि) तथा सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था स्वयं के खर्च पर 5 वर्षों की अवधि के लिए की जाएगी।

